भारत सरकार

योजना मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 560

दिनांक 21 नवंबर, 2016 को उत्तर देने के लिए

केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के विनिवेश के संबंध में नीति आयोग का सुझाव

560. श्री टी. के. रंगराजन:

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नीति आयोग ने 'सेल' के अलॉय स्टील प्लांट सहित बड़ी संख्या में केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों का विनिवेश करने का सुझाव दिया है;

(ख) यदि हां, तो नीति आयोग द्वारा किन अन्य केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों का विनिवेश करने का प्रस्ताव किया गया है; और

(ग) केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के विनिवेश हेतु ऐसे प्रस्ताव के क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय

तथा राज्य मंत्री, शहरी विकास एवं

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (ग) : नीति आयोग ने केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के विनिवेश की सिफारिश नहीं की है। इसका अधिदेश कार्यनीतिक विनिवेश संबंधी सिफारिशें करने तक ही सीमित है।

*****